भारत सरकार
संस्कृति मंत्रालय

**लोक सभा**
**अतारांकित प्रश्न संख्या 5286**
उत्तर देने की तारीख 03.04.2023

**ललित कला अकादमी में अनियमितताएं**

5286. श्रीमती सुप्रिया सदानंद सुले :
श्रीमती मंजुलता मंडल :
श्री जी. सेल्वम :
श्री सी. एन. अन्नादुरई :
श्री कुलदीप राय शर्मा :
डॉ. डी. एन. वी. सेंथिलकुमार एस. :
डॉ. सुभाष रामराव भामरे :
श्री सुनील दत्तात्रेय तटकरे :
डॉ. अमोल रामसिंह कोल्हे :
श्री धनुष एम. कुमार :

क्या संस्कृति मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या ललित कला अकादमी, जिसकी स्थापना चित्रकला, मूर्तिकला और ग्राफिक्स आदि जैसी रचनात्मक कलाओं के क्षेत्र में अध्ययन और अनुसंधान को प्रोत्साहित करने और बढ़ावा देने के लिए की गई थी, ने उस उद्देश्य को प्राप्त कर लिया है जिसके लिए इसकी स्थापना की गई थी और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ख) विगत तीन वर्षों में प्रत्येक वर्ष और चालू वर्ष के दौरान ललित कला अकादमी द्वारा शुरू की गई और पूरी की गई परियोजनाओं की संख्या कितनी है;

(ग) क्या ललित कला अकादमी प्रत्येक वर्ष युवा और नवोदित कलाकारों को छात्रवृत्ति भी प्रदान करती है और यदि हां, तो इस प्रयोजनार्थ अकादमी द्वारा क्या मानदण्ड निर्धारित किए गए हैं तथा विगत तीन वर्षों में प्रत्येक वर्ष के दौरान कितने कलाकारों को छात्रवृत्तियां प्रदान की गई हैं;

(घ) क्या सरकार को विगत तीन वर्षों के दौरान ललित कला अकादमी सहित सांस्कृतिक संगठनों में प्रशासनिक और वित्तीय अनियमितताओं के संबंध में शिकायतें प्राप्त हुई हैं; और

(ङ) यदि हां, तो इस संबंध में की गई जांच का ब्यौरा क्या है और उसके क्या परिणाम रहे हैं?

**उत्तर**

संस्कृति, पर्यटन एवं पूर्वोत्तर क्षेत्र विकास मंत्री
(जी. किशन रेड्डी)

(क) : ललित कला अकादेमी (कला की राष्ट्रीय अकादेमी) भारत सरकार के अधीन एक स्वायत्त निकाय है जो भारत में दृश्य कलाओं को विकसित और संवर्धित करती है। यह अकादेमी देश भर से कलाकारों को आमंत्रित करते हुए कला शिविरों/कार्यशालाओं/प्रदर्शनियों/कला महोत्सवों आदि का नियमित रूप से आयोजन करती है।

यह अकादेमी, कार्यक्रमों और कार्यनीतिक साझेदारियों के माध्यम से भारतीय कला, कलाकारों को बढ़ावा देने से संबंधित व्यापक स्तरीय कार्यकलाप करती है। अकादेमी की रवीन्द्र भवन, नई दिल्ली/क्षेत्रीय केन्द्रों अर्थात् लखनऊ, भुवनेश्वर, चेन्नई, गढ़ी, त्रिपुरा, अहमदाबाद, शिमला में स्थित गैलरियां विभिन्न कलाकारों, कला समूहों और विभिन्न संस्थानों को प्रदर्शनियां लगाने के लिए स्थान उपलब्ध कराती है ताकि वे अपनी प्रतिभा प्रदर्शित कर सकें और दृश्य कलाओं को प्रोत्साहित कर सकें तथा यह कला में अध्ययन और शोध को प्रोत्साहित करने और बढ़ावा देने के लिए कलाकारों को छात्रवृत्तियां, वित्तीय सहायता प्रदान करती है, प्रदर्शनियां, कार्यशालाएं, संगोष्ठियां, त्रिवार्षिकी का आयोजन भी करती है। कला को बढ़ावा देने के लिए राष्ट्रीय कला प्रदर्शनी, प्रिंट बिनाले कुछ प्रमुख कार्यक्रम हैं।

इसके अलावा, ललित कला अकादेमी ने कई विद्वानों और कलाकारों को शोध अनुदान प्रदान किया है।

(ख): विगत तीन वर्षों में प्रत्येक वर्ष और वर्तमान वर्ष के दौरान ललित कला अकादेमी की जारी और पूर्ण की गई परियोजनाओं का विवरण **अनुलग्नक-क** पर संलग्न है।

(ग): ललित कला अकादेमी प्रत्येक वर्ष युवा और उदीयमान कलाकारों को छात्रवृत्तियां प्रदान करती है। इस प्रयोजनार्थ अकादेमी द्वारा निर्धारित मानदण्ड इस प्रकार है- "शोधार्थियों के लिए न्यूनतम आयु सीमा 21 वर्ष और अधिकतम 35 वर्ष है। चयनित शोधार्थियों को अकादेमी के किसी एक क्षेत्रीय केन्द्र में काम करना आवश्यक है। शोधार्थियों को प्रत्येक

माह कार्यों के कम से कम दो फोटोग्राफ प्रस्तुत करने होंगे जिन्हें क्षेत्रीय केन्द्र/संस्थान के प्रमुख द्वारा उपयुक्त पाया गया हो और उन्हें विधिवत रूप से प्रामाणित किया गया हो।"

अकादेमी प्रत्येक वर्ष अधिकतम 55 छात्रवृत्तियां प्रदान करती है। विगत 03 वर्षों में प्रदान की गई छात्रवृत्तियां निम्नानुसार है :

वित्त वर्ष 2021-22 – 55

वित्त वर्ष 2020-21 – शून्य, कोविड-19 महामारी के कारण

वित्त वर्ष 2019-20 – 40

(घ) और (ड.): जब और जैसे ही शिकायतें प्राप्त होती हैं तो मंत्रालय में उन शिकायतों के निपटान के लिए उपयुक्त प्रक्रिया अपनाई जाती है और प्रत्येक मामले में यथोचित कार्रवाई की जाती है।

*****

अनुलग्नक

**'ललित कला अकादमी में अनियमितताएं' के संबंध में दिनांक 3 अप्रैल, 2023 को पूछे गए लोक सभा अतारांकित प्रश्न संख्या 5286 के भाग (ख) के उत्तर में उल्लिखित अनुलग्नक**

**वर्ष : 2022 – 23**

| क्र. सं. | कार्यक्रम का नाम | तारीख | कार्यक्रम स्थल |
|---|---|---|---|
| 1 | कला की 62वीं राष्ट्रीय प्रदर्शनी | 9 अप्रैल, 2022 | विज्ञान भवन, नई दिल्ली और रवींद्र भवन आर्ट गैलरी |
| 2 | आभासी कला शिविर " स्वाधीनता से स्वतंत्रता की ओर" | 19 से 23 अप्रैल, 2022 | ऑनलाइन शिविर |
| 3 | एलकेए में एक दिवसीय पेंटिंग कैंप, तेलंगाना के अवसर पर दिवस | 1 जून, 2022 | रवींद्र भवन आर्ट गैलरी |
| 4 | "योग की मुद्राएं" विषय पर अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस चित्रकला कार्यशाला | 20 और 21 जून, 2022 | पुराना किला, दिल्ली |
| 5 | अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर "योग मुद्राएं" प्रदर्शनी | 21 से 25 जून, 2022 | पुराना किला, दिल्ली |
| 6 | राष्ट्रीय चित्रकला कार्यशाला | 26 जुलाई से 1 अगस्त, 2022 | सतपुली, उत्तराखंड |
| 7 | ललित कला अकादमी के संग्रह से 68वें स्थापना दिवस के अवसर पर स्वाधीनता से स्वतंत्रता की ओर'' के दौरान बनाई गई कलाकृतियों की प्रदर्शनी | 5 से 11 अगस्त, 2022 | रवींद्र भवन आर्ट गैलरी |
| 8 | 'विश्व फोटोग्राफी दिवस' के अवसर पर फोटोग्राफी प्रदर्शनी | 19 से 28 अगस्त, 2022 | रवींद्र भवन आर्ट गैलरी |
| 9. | "हैदराबाद मुक्ति दिवस" के अवसर पर चित्रकला कार्यशाला | 8 से 14 सितंबर, 2022 | हैदराबाद परेड ग्राउंड, हैदराबाद |
| 10. | "हैदराबाद मुक्ति दिवस" के अवसर पर कार्यशाला के दौरान बनाई गई कृतियों की प्रदर्शनी | 14 से 18 सितंबर, 2022 | हैदराबाद परेड ग्राउंड, हैदराबाद |
| 11. | उत्तराखंड के सतपुली में कारगिल विजय दिवस के अवसर पर कार्यशाला के दौरान बनाई गई कलाकृतियों की " शौर्य गाथा " नामक प्रदर्शनी। | 9 से 13 नवंबर, 2022 | पब्लिक प्लाजा प्लेस, इंडिया गेट, नई दिल्ली |

| | | | |
|---|---|---|---|
| 12. | साइबर क्राइम कार्यक्रम पर दो दिवसीय पोर्ट्रेट कला प्रदर्शन कार्यशाला | 12 और 13 नवंबर, 2022 | सेंट्रल विस्टा, इंडिया गेट, नई दिल्ली |
| 13. | मेगा प्रदर्शनी " राइज इन उत्तर प्रदेश 2022" में भाग लिया | 22 से 24 नवंबर, 2022 | एचआरआईटी ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस, गाजियाबाद, उत्तर प्रदेश |
| 14. | कला कार्यशाला "जनव जननी जन्मभूमि " | 25 दिसंबर, 2022 से 10 जनवरी, 2023 तक | मधुबनी, बिहार |
| 15. | राष्ट्रीय चित्रकला शिविर | 14 से 19 मार्च, 2023 | जयपुर, राजस्थान |

## वर्ष : 2021 – 22

| क्र. सं. | कार्यक्रम का नाम | तारीख | कार्यक्रम स्थल |
|---|---|---|---|
| 1 | चंपारण सत्याग्रह की वर्षगांठ पर राष्ट्रीय मल्टीमीडिया शिविर | 10 से 16 अप्रैल, 2021 | क्षेत्रीय केंद्र, गढ़ी |
| 2 | वर्चुअल पेंटिंग कैंप "वॉयस ऑफ मैसकर, जलियांवाला बाग " | 13 से 19 अप्रैल, 2021 | वर्चुअल कैम्प |
| 4 | भारत के 74वें स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर प्रदर्शनी "कथा क्रांतिवीरों की" | 15 अगस्त से 15 अक्टूबर, 2021 | एलकेए, आर्ट गैलरीज, नई दिल्ली |
| 5 | राष्ट्रीय पुरस्कार विजेता शिविर (मल्टीमीडिया शिविर) | 15 से 21 अगस्त, 2021 | रवींद्र भवन और क्षेत्रीय केंद्र गढ़ी, नई दिल्ली |
| 6 | जहांगीर आर्ट गैलरी, मुंबई में द्वितीय प्रिंट बिनाले इंडिया एक्जीविशन<br>जहांगीर आर्ट गैलरी, मुंबई में द्वितीय प्रिंट बिनाले इंडिया पुरस्कार वितरण समारोह | 5 से 13 दिसंबर, 2021<br>11 दिसंबर, 2021 | जहांगीर आर्ट गैलरी, मुंबई |
| 7 | उत्तराखंड के गुमनाम नायकों पर राष्ट्रीय चित्रकला शिविर | 21 से 26 दिसंबर, 2021 | केएमवीएन सुखाताल, नैनीताल, उत्तराखंड |
| 8 | द्वितीय प्रिंट द्विवार्षिक भारत प्रदर्शनी का पुनः आयोजन | 10 जनवरी से 15 फरवरी, 2022 | कर्नाटक चित्रकलापरिषद, बेंगलुरु |
| 9 | नेशनल प्रिंट मेकिंग कैंप | 23 से 30 जनवरी, | कर्नाटक |

| | | | |
|---|---|---|---|
| | | 2022 | चित्रकलापरिषद, बेंगलुरु |
| 10. | प्रिंट द्विवार्षिक के दौरान पुस्तक विमोचन<br>1. सोमनाथ होरे पर पुस्तक<br>2. ललित कला समकालीन 57<br>3. प्रिंट बिएननेल कैटलॉग | 11 दिसंबर, 2021 | जहांगीर आर्ट गैलरी, मुंबई |
| 11 | ज़ाग्रेब, क्रोएशिया और अकादमी ऑफ फाइन आर्टल इन जगरेव, क्रोएशिया में भारतीय दूतावास के सहयोग से मैराथन ड्रॉइंग | 18 फरवरी, 2022 | क्षेत्रीय केन्द्र गढ़ी |
| 12. | सेनआर्ट, मेक्सिको सिटी में दो प्रदर्शनियों का उद्घाटन<br>1. स्त्री दृष्टि<br>2. लोक में राम | 10 मार्च, 2022 | सेनआर्ट, मेक्सिको सिटी |

**वर्ष : 2020 - 21**

| क्र. सं. | कार्यक्रम का नाम | तारीख | कार्यक्रम स्थल |
|---|---|---|---|
| 1 | एक वर्चुअल सम्मेलन पर ऑनलाइन वेबिनार: कोविड -19 'भारतीय कला' को कैसे प्रभावित कर रहा है और एलकेए के स्कॉलर्स महामारी के बाद के संकट को कैसे दूर कर सकते हैं? | 30 जून, 2020 | एलकेए, बोर्ड रूम, नई दिल्ली |
| 2 | 'नाइट ऑफ आइडियाज 2021' के ढांचे के भीतर साइट्स बाई स्टेफन बैरोन' प्रदर्शनी | 27 जनवरी, 2021 | भारत में फ्रेंच संस्थान |
| 3 | महाराज अनंगपाल तोमर II (दिल्ली के संस्थापक ( ढिल्लिका ) पर राष्ट्रीय चित्रकला कार्यशाला | 24 फरवरी से 1 मार्च, 2021 तक | एएसआई सभागार, धरोहर भवन, 24 तिलक मार्ग, नई |

| | | | |
|---|---|---|---|
| | | | दिल्ली |
| 4 | अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर " अक्षयपात्र और करो ना सलाम" नामक प्रदर्शनी | 8 मार्च से 20 अप्रैल, 2021 | एलकेए, आर्ट गैलरीज, नई दिल्ली |
| 5 | अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर 'ऑल वुमन पेंटिंग कैंप' | 5 से 8 मार्च, 2021 | एलकेए, क्षेत्रीय केंद्र गढ़ी स्टूडियो |
| 6 | एक प्रदर्शनी  नारायणी त्रि-देवी शक्ति, महालक्ष्मी, सरस्वती और दुर्गा ' | 26 मार्च से 16 अप्रैल 2021 | एलायंस फ्रेंकाइस  डी दिल्ली की गैलरी, लोधी एस्टेट, नई दिल्ली |

**2019 -20**

| क्र. सं. | कार्यक्रम का नाम | तारीख | कार्यक्रम स्थल |
|---|---|---|---|
| 1 | गायतोंडे ' पर पुस्तक का विमोचन | 6 अप्रैल, 2019 | एनजीएमए, सभागार, मुंबई |
| 2 | राष्ट्रीय जनजातीय कला शिविर | 1 से 7 जून, 2019 | देहरादून |
| 3 | " स्त्री विजन" प्रदर्शनी | 12 से 22 जून, 2019 | पोलैंड |
| 4 | जनजातीय, लोक और समकालीन कलाकारों का संवादमूलक शिविर | 28 जुलाई से 3 अगस्त, 2019 | चंबा, हिमाचल प्रदेश |
| 5 | राष्ट्रीय महिला कलाकार शिविर | 24 से 27 अगस्त 2019 | महेश्वर, मध्य प्रदेश |
| 6 | राष्ट्रीय जनजातीय कला शिविर | 27 अगस्त से 2 सितंबर, 2019 | रांची |
| 7 | महात्मा गांधी की 150वीं जयंती के अवसर पर "बापू" नामक प्रदर्शनी और पेपर मेश वर्कशॉप | 2 से 22 अक्टूबर, 2019 | एलकेए, आर्ट गैलरी, नई दिल्ली |
| 8 | नेशनल प्रिंटमेकिंग कैंप | 2 से 8 अक्टूबर, 2019 | वडोदरा |
| 9 | जेरूसलम द्विवार्षिक प्रदर्शनी "एक्सपेरिमेंटस वीथ टूथ" | 11 अक्टूबर, 2019 | मेनाचेम बेगिन हेरिटेज सेंटर, येरूसलम |
| 10 | राष्ट्रपति भवन (दिल्ली) के सहयोग से आर्टिस्ट-इन-रेजीडेंसी प्रदर्शनी | 10 से 17 नवंबर, 2019 | राष्ट्रपति भवन, नई दिल्ली |
| 11 | " स्त्रीदृष्टि " प्रदर्शनी (मेक्सिको) | 29 नवंबर, 2019 से 20 फरवरी, 2020 तक | म्यूजियो डी लास आर्टेस, गुआडालाजारा (मूसा) |
| 12 | "जनजातीय कला प्रदर्शनी" (मेक्सिको) और जनजातीय कला प्रदर्शन | 29 नवंबर, 2019 से 20 फरवरी, 2020 तक | (मेक्सिको) |

****